पाठ 10. चिड़िया चली चाँद के देश

पाठ का उद्‌देश्य

इस कविता को कंठस्थ कर कक्षा में पूर्ण हाव-भाव सहित सुनाने से बच्चों का स्पष्ट उच्चारण का अभ्यास होगा तथा उनके अभिव्यक्ति कौशल का विकास होगा। उनमें आत्मविश्वास जागेगा। उनकी स्मरण-शक्ति का विकास होगा। साहित्य भी हमारे लिए महत्वपूर्ण है, इस बात के प्रति उनमें जागरूकता बढ़ेगी। लगातार आगे बढ़ते रहने से मंज़िल प्राप्त होती है – यह शिक्षा प्राप्त होगी।

- अध्यापक/अध्यापिका बच्चों को कविता याद करके सुनाने को कहें।
- उनके उच्चारण पर ध्यान दें।
- कविता का पाठ धाराप्रवाह हो, यह ध्यान रखें।
- बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाएँ।
- चार-पाँच बच्चों के समूह बनाकर उन्हें इसे समूहगान के रूप में गाने को कहें।

इस गतिविधि से बच्चों की भाषा संबंधी बहुविध बौद्‌धिक क्षमता का विकास होगा। कविता लय में सुनाने से उनकी संगीत एवं लय संबंधी तथा शारीरिक क्रिया संबंधी बहुविध बौद्‌धिक क्षमता का विकास होगा। समूह में अपने मित्रों के साथ मिलकर काम करने से उनकी सामाजिक कुशलता संबंधी तथा अंतर्मुखी विश्लेषण संबंधी बहुविध बौद्‌धिक क्षमता का विकास होगा।